तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री


न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

12 दल्लीराजहरा में 24 जुलाई को निकलेगी भगवान...



11 डुंडेरा स्कूल में सीडबॉल एवं बीजरोपण कार्यशाला





## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा में मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण जिले के मृत व्यक्ति के परिवार निकटतम वारिस को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 04 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में बालोद तहसील के मृतक राजेश्वरी पति चैनसिंह ग्राम मटिया बी को 04 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

### उद्यानिकी फसलों के बीमा की अंतिम तिथि 31 तक

**बालोद।** खरीफ वर्ष 2026–27 अतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत उद्यानिकी फसलों की बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि जिले के ईच्छुक ऋणी एवं अऋणी कृषक टमाटर, बैगन, अमरुद केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक उद्यानिकी फसलों का बीमा 31 जुलाई 2026 तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या भारतीय कृषि बीमा इंश्योरेंश कम्पनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर फसलों का बीमा करा सकते है। इसके साथ ही उक्त संबंध में अधिक जानकारी बीमा कंपनी के प्रतिनिधि सुमीत साहू से संपर्क कर प्राप्त सकते है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 22 से

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के शिक्षा सत्र 2026–27 की कक्षा 9वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया की सूचना जारी कर दी गई है। आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि विभागीय वेबसाइट पर काउंसलिंग हेतु पात्र छात्र–छात्राओं की सूची एवं तिथियां प्रदर्शित कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं में शिक्षा सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 22 जुलाई 2026 से 05 अगस्त 2026 तक आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग का स्थान काउंसलिंग सूची में दर्शाए गए आबंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में निर्धारित किया गया है, जहां अभ्यर्थी सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक उपस्थित होकर प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

### राज्य खेल अलंकरण के लिए आवेदन 5 अगस्त तक

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025–26 के उत्कृष्ट खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इसके अंतर्गत शहीद राजीव पांडे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, पंकज विक्रम सम्मान, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद विनोद चैबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि पुरस्कार तथा खेलवृत्ति (डाइटमनी) हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं पात्र खिलाड़ी गत वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के अपनी खेल उपलब्धियों के आधार पर 05 अगस्त तक वेबसाईट आवेदन कर सकते हैं। जबकि नगद राशि पुरस्कार एवं डाइटमनी के आवेदन सीधे संचालनालय, खेल संघों अथवा जिला कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

# जिला स्तरीय एसजीएफआई कबड्डी चयन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## उत्कृष्ट खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

एसजीएफआई जिला स्तरीय कबड्डी चयन प्रतियोगिता में जिलेभर के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। जिसमे उत्कृष्ट खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया जा रहा है।

■ जिला शिक्षा अधिकारी ने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन का दिया संदेश

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में जिला स्तरीय कबड्डी चयन प्रतियोगिता का आयोजन बालोद में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए छात्र–छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय एसजीएफआई प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी दीपक दुबे ने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों की प्रतिभा, फिटनेस एवं खेल कौशल का मूल्यांकन कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जा रही है। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सहायक क्रीड़ा अधिकारी किशोर मेहरा, जिला खेल समन्वयक सपन जेना, कबड्डी संयोजक संत राम ठाकुर, जेएस. ठाकुर, मंजुला यादव, होम राज सिन्हा, चन्द्रशेखर एवं सूर्यकांत सिन्हा सहित जिले के खेल प्रशिक्षक, शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## निजीकरण, श्रमिक अधिकारों और पर्यावरणीय मुद्दों को लेकर लगाए कई आरोप

# बीएसपी के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी का ऐलान जन मुक्ति मोर्चा ने किया आंदोलन का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ ने 22 जुलाई से भिलाई इस्पात संयंत्र के खिलाफ अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। संगठन ने क्षेत्र के मजदूरों, बेरोजगार युवाओं, किसानों, आदिवासी समुदाय, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों और आम नागरिकों से बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल होकर इसे संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से सफल बनाने की अपील की है।

■ दल्लीराजहरा में 22 से संयंत्र के खिलाफ नाकेबंदी का ऐलान

मोर्चा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में आरोप लगाया गया है कि सार्वजनिक उपक्रम के नाम पर वर्षों पहले भिलाई से लेकर मरोदा, सिकोसा, गुंडरदेही, बालोद, कुसुमकसा, दल्लीराजहरा तथा आसपास के आदिवासी क्षेत्रों की खेती योग्य जमीन और जंगलों का अधिग्रहण किया गया। संगठन का दावा है कि अब दल्ली राजहरा से रावघाट तक अधिग्रहित भूमि के माध्यम से लौह अयस्क

### मजदूर, किसान, आदिवासी और युवाओं से आंदोलन में शामिल होने की अपील




फाइल : फोटो

आपूर्ति की व्यवस्था करने के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। मोर्चा ने इसे सार्वजनिक संपत्ति और स्थानीय संसाधनों के निजीकरण की साजिश बताया है।

प्रेस विज्ञप्ति में यह भी आरोप लगाया गया है कि संयंत्र में जबरन सेवानिवृत्ति की नीति अपनाई जा रही है तथा ठेका श्रमिकों को श्रम कानूनों के अनुरूप न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। संगठन का कहना है कि ठेका श्रमिकों से लंबे समय तक काम कराया जाता है तथा नौकरी से निकालने के भय का माहौल बनाकर उनसे असुरक्षित परिस्थितियों में कार्य कराया जा रहा है। साथ ही ठेका श्रमिकों के अधिकारों और उनके हिस्से की राशि के उपयोग को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं।

जन मुक्ति मोर्चा ने अपने बयान में जगन्नाथ कंपनी द्वारा संचालित पैलेट प्लांट का भी उल्लेख करते हुए आरोप लगाया है कि प्रतिदिन हजारों टन उत्पादन और लाखों रुपये के कारोबार के बावजूद वहां कार्यरत ठेका श्रमिकों को बेहद कम वेतन दिया जा रहा है। संगठन ने यह भी दावा किया कि संयंत्र से निकलने वाले धूल, धुएं और प्रदूषित लाल पानी के कारण आसपास की बस्तियों और गांवों का पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य और आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### जन मुक्ति मोर्चा ने जनता से किया समर्थन का आह्वान

मोर्चा का कहना है कि स्थानीय लोगों से रोजगार के नाम पर जमीन लेकर उन्हें अस्थायी और असुरक्षित रोजगार दिया जा रहा है, जबकि बाहरी निजी कंपनियों को इसका लाभ पहुंचाया जा रहा है। संगठन ने आरोप लगाया कि यह नीति स्थानीय किसानों, आदिवासियों और श्रमिकों के हितों के विपरीत है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि क्षेत्र के मजदूर पहले भी अपने अधिकारों की लड़ाई लाठीचार्ज, गोलीकांड और जेल जैसी कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए लड़ चुके हैं। जन मुक्ति मोर्चा ने दावा किया कि वह उसी संघर्ष को आगे बढ़ा रहा है और क्षेत्र की जनता से आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। मोर्चा के अनुसार, आंदोलन को अब तक सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद, भीम आर्मी छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना, देवार समाज दल्लीराजहरा तथा मुस्लिम समाज दल्लीराजहरा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों का समर्थन प्राप्त हो चुका है।

# बालोद पुलिस ने 29.52 लाख के गांजा और नशीले पदार्थों का किया नष्टीकरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

नार्कोटिक्स एक्ट के तहत पुलिस ने जप्त मादक पदार्थों का विधिवत नष्टीकरण किया। जिसमे 17 प्रकरणों में 29,52,275 मूल्य के गांजा व नशीली दवाइयों का नष्टीकरण किया गया। जिला स्तरीय समिति की निगरानी में पारदर्शी प्रक्रिया से कार्यवाही संपन्न हुई।

■ एनडीपीएस एक्ट के 17 प्रकरणों में जब्त 227 किलो गांजा सहित 14,880 नशीली गोलियां–कैप्सूल नष्ट

पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण बालोद के मार्गदर्शन में जिले में जप्त मादक पदार्थों के सुरक्षित एवं विधिवत नष्टीकरण हेतु जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति के निर्देशन में 21 जुलाई 2026 को एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए नार्कोटिक्स एक्ट के तहत जप्त मादक पदाथोंर् का नष्टीकरण किया गया। इस कार्यवाही में धारा 20–बी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कुल 17 प्रकरणों में जप्त मादक पदाथोंर् का निपटान किया गया, जिसमें कुल 227.155 किलोग्राम गांजा एवं नशीली दवाइयों में 12,000 टेबलेट्स एवं 2,880 कैप्सूल्स कुल 14,880 नग शामिल हैं। इन जप्त मादक पदाथोंर् की कुल अनुमानित कीमत 29,52,275 है। नष्टीकरण की यह संपूर्ण प्रक्रिया जिला दुर्ग अंतर्गत थाना भिलाई भट्टी क्षेत्र स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र के ए स ए म ए स – 3 यूनिट के भस्मीकरण यंत्र में विधिवत जलाकर संपन्न की गई। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष किरण गंगाराम चव्हाण, पुलिस अधीक्षक, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा किया गया। उनके साथ समिति की सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मोनिका ठाकुर तथा जिला ▸▸| शेष पेज 11 पर

# जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी का औचक निरीक्षण




**बालोद/डौंडीलोहारा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने डौंडीलोहारा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण कर ग्राम पंचायतों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं शासकीय कार्यालयों का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ चंद्रवंशी ने ग्रामीण क्षेत्रें में चल रहे निर्माण कार्योंकी गुणवत्ता और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम कामता में स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित बायो गैस संयंत्र, प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन एवं आहाता निर्माण का जायजा लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश प्रदान किए। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत बड़गांव के आंगनबाड़ी, डारागांव स्थित अमृत सरोवर ▸▸| शेष पेज 11 पर

■ विकास कार्यों और स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

## करहीभदर उप स्वास्थ्य केंद्र में एंटी-रेबीज़ वैक्सीन नहीं होने का आरोप

### मरीज को केवल टीटी इंजेक्शन लगाकर लौटाया





**बालोद।** उप स्वास्थ्य केंद्र करहीभदर में कुत्ते के काटने से घायल एक मरीज को एंटी–रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर केवल टिटनेस टीटी का इंजेक्शन लगाए जाने की शिकायत सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, कुत्ते के काटने के बाद मरीज उपचार के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र करहीभदर पहुंचा। आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र में एंटी–रेबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने की जानकारी देते हुए मरीज को केवल टिटनेस का इंजेक्शन लगाया गया और आगे के उपचार के लिए अन्य स्वास्थ्य केंद्र जाने की सलाह दी गई। ग्राम करहीभदर के उप सरपंच धनंजय साहू का कहना है कि क्षेत्र में कुत्ता काटने की घटनाओं को देखते हुए उप स्वास्थ्य केंद्र में एंटी–रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि मरीजों को समय पर आवश्यक उपचार मिल सके और उन्हें दूसरे केंद्रों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# पुरूर पुलिस की कार्रवाई, ढाबा संचालक 5.4 बल्क लीटर शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

मिशन नवचेतना के तहत पुरूर थाना द्वारा ढाबा मे छापा कार्रवाई करते हुए ढाबा संचालक को 5.400 बल्क लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर राजू ढाबा मे कार्रवाई करते हुए थाना पुरूर पुलिस टीम द्वारा एनएच 30 ग्राम मरकाटोला स्थित ढाबे में रेड की गई। तलाशी के दौरान ढाबा संचालक पोस्ट ऑफिस वार्ड थाना एवं जिला धमतरी निवासी राजू साहू 42 वर्ष के कब्जे से 30 पाव देशी प्लेन शराब कुल 5.400 बल्क लीटर बरामद कर जब्त की गई।





आरोपी के विरुद्ध थाना पुरूर में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया है तथा विवेचना जारी है। मिशन नवचेतना के तहत जिले को नशामुक्त बनाना, अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं बिक्री व परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाना तथा आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना इनका उद्देश्य है। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या परिवहन की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## नया हैंडपंप स्थापित होने पर आंदोलन स्थगित

# ग्रामीणों के आंदोलन का असर, दिघवाड़ी स्कूल में रातों-रात लगा हैंडपंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

ग्राम पंचायत चिहरों के आश्रित ग्राम दिघवाड़ी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या आखिरकार ग्रामीणों के संघर्ष के बाद दूर हो गई। विभागीय उदासीनता के खिलाफ ग्रामवासियों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और स्कूल परिसर में रातों-रात नया बोर खनन कर हैंडपंप स्थापित कर दिया। इससे अब विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

■ लंबे समय से दूषित पानी से जूझ रहे विद्यार्थियों को मिली राहत

विद्यालय परिसर में पहले लगे बोरवेल से काफी समय से लाल रंग का दूषित पानी निकल रहा था, जिसे पीने योग्य नहीं माना गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने उस बोर को उखाड़ तो लिया, लेकिन उसके स्थान पर नई पेयजल व्यवस्था नहीं की गई। परिणामस्वरूप बच्चों और विद्यालय स्टाफ को लंबे समय तक पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित



अधिकारियों से नई पेयजल व्यवस्था कराने की मांग की, लेकिन लगातार अनदेखी होती रही। हालात ऐसे बन गए कि विद्यार्थियों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी। समस्या का समाधान नहीं होने पर जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी के नेतृत्व में ग्रामसभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग डौंडी के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल नई पेयजल व्यवस्था करने की मांग की। ग्रामीणों के आंदोलन और संभावित चक्का जाम की चेतावनी के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ। विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूल परिसर में नया बोर खनन कराया और हैंडपंप स्थापित कर दिया। नई व्यवस्था शुरू होने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है। ग्रामवासियों ने इस सफलता का श्रेय जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी, क्षेत्र के सामाजिक संगठनों तथा आंदोलन में सहयोग देने वाले सभी ग्रामीणों को दिया।

पेयजल समस्या का समाधान होने के बाद ग्रामवासियों ने अपना प्रस्तावित आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों में प्रशासन समय रहते संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करेगा।

# जामगांव आर विद्युत कार्यालय की व्यवस्था पर उठे सवाल

## कर्मचारियों की कमी से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के जामगांव आर विद्युत कार्यालय में कर्मचारियों की कमी और अव्यवस्था के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बारिश के दौरान हल्की गर्जना होते ही एहतियात के नाम पर बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है, जिससे ग्रामीणों और किसानों को कठिनाई होती है। बताया गया कि जामगांव आर केंद्र के अंतर्गत 33 गांव आते हैं, जबकि सीमित स्टाफ के कारण

■ शिकायतों के निराकरण में देरी, किसानों ने बिजली आपूर्ति सुधारने की उठाई मांग



कई गांवों की जिम्मेदारी हेल्पर और संविदा कर्मियों के भरोसे है। ग्रामीणों का कहना है कि कनिष्ठ यंत्री का मुख्यालय भी जामगांव आर में नहीं होने से शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं हो पाता। एक किसान ने सिंचाई पंप चालू नहीं होने की शिकायत अधिकारियों से की, लेकिन समाधान में देरी होने से उसने नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति और बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

**खबर संक्षेप**



## सीएम पोर्टल की शिकायत पर निगम का एक्शन

**भिलाई।** नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण और शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में सीएम पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर निगम की टीम ने कैम्प-1 स्थित 18 नंबर रोड क्षेत्र में खुले में संचालित मांस-मटन दुकान के खिलाफ कार्रवाई की। आयुक्त सुरूचि सिंह के निर्देशानुसार जोन-3 राजस्व विभाग एवं बेदखली शाखा की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित दुकान खुले में मांस-मटन का विक्रय कर रही थी, जिससे आसपास के क्षेत्र में गंदगी फैल रही थी और स्थानीय नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। निगम अधिकारियों के अनुसार खुले में मांस विक्रय किए जाने से स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी नियमों का उल्लंघन हो रहा था। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दुकान संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और भविष्य में नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर खुले में मांस-मटन का विक्रय न केवल स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित करता है, बल्कि संक्रमण, दुर्गंध और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है। ऐसे मामलों में निगम द्वारा आगे भी नियमित निगरानी और कार्रवाई जारी रखी जाएगी। आयुक्त सुरूचि सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएम पोर्टल सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण किया जाए।

## सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने दुर्ग जिले के धमधा नगर पंचायत में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की प्राविधिक स्वीकृति दी है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा विगत मई माह में धमधा में सामुदायिक भवन के निर्माण की घोषणा के अनुपालन में विभाग द्वारा अधोसंरचना मद से यह राशि स्वीकृत की है।

## विकास कार्यों के लिए 44.99 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 6 विकास कार्यों के लिए कुल 44 लाख 98 हजार 929 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। अहिवारा क्षेत्र विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अहिवारा विधानसभा के धमधा विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है। इसके तहत ग्राम पंचायत गोढ़ी में तीन डोमशेड निर्माण कार्यों नव ज्योति सोसायटी भाटापारा के पास, मातर गौरा पंचायत से लगा मंच के पास तथा गांधी चौक राम मंदिर के पास हेतु प्रत्येक कार्य के लिए 4 लाख 99 हजार 643 रूपए के मान से कुल 14 लाख 98 हजार 929 रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जोरातराई तहसील दुर्ग निवासी स्व. शंकर तांडी की 8 अप्रैल 2025 को ग्राम जोरातराई नहर के पानी में डूबने से, तहसील भिलाई-3 के अंतर्गत कुम्हारी निवासी स्व. होमदास उर्फ अनिल कुमार वैष्णव, स्व. लक्ष्मी वैष्णव, स्व. चांदनी वैष्णव तथा स्व. गोपिका वैष्णव की 12 मई 2026 को गैस सिलेंडर में आग लगने व फटने से आग में जलने के कारण मृत्यु हुई थी।

### 5 किलोवाट सोलर प्लांट लगने से हर साल हजारों रुपए की हो रही बचत

# पीएम सूर्य घर योजना से महेश कुमार का बिजली बिल हुआ शून्य, 1.08 लाख की सब्सिडी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना बालोद के महेश कुमार का बिजली बिल शून्य हुआ। योजना के तहत 1.08 लाख का अनुदान मिलने पर केन्द्र व राज्य सरकार के प्रति आभार जताया।

शासन की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए न केवल महंगाई से राहत देने वाली साबित हो रही है, बल्कि यह आर्थिक समृद्धि का नया रास्ता भी खोल रही है। भारी–भरकम बिजली बिल से परेशान बालोद जिले के निवासी महेश कुमार साहू का बिजली बिल अब सिमटकर सीधे 'शून्य' हो गया है। महेश कुमार साहू ने लगभग एक वर्ष पूर्व इस योजना से प्रेरित होकर अपने घर की छत पर 05 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया था। सोलर पैनल लगाने से पहले महेश के घर हर महीने औसतन ढाई हजार से पाँच हजार तक का बिजली बिल आता था, जिससे उनके बजट पर काफी असर पड़ता था। लेकिन अब सोलर पैनल से चालू होने के बाद से उनका मासिक बिजली बिल घटकर शून्य हो गया है। इससे वे हर साल हजारों रुपये की सीधी बचत कर रहे हैं। महेश कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत उन्हें सोलर पैनल लगाने की लागत पर केंद्र और राज्य सरकार, दोनों की ओर से आर्थिक सहयोग मिला। उन्हें संयुक्त रूप से कुल एक लाख आठ हजार रुपये की सब्सिडी मिली, जिससे सोलर प्लांट की स्थापना की शुरुआती लागत काफी कम हो गई। महेश कुमार साहू ने कहा कि पहले हर महीने 2500 से 5000 रुपये सिर्फ बिजली बिल में चले जाते थे। अब सोलर पैनल लगने से बिल शून्य हो गया है और 1.08 लाख रुपये की सरकारी मदद भी मिली। यह योजना हर आम आदमी के लिए बेहद फायदेमंद है।

इसके साथ ही महेश कुमार ने अपने आसपास और जिले के अन्य लोगों से भी अपील की है कि वे आगे आएं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं, पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें और अपने बिजली बिल के आर्थिक बोझ से हमेशा के लिए मुक्ति पाएं।

## व्याख्याता वाय.एस. मरकाम को विदाई



**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के सभागार में व्याख्याता वाय. एस. मरकाम के सेवानिवृत्ति उपरांत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला किल्लेकोडा के संयुक्त तत्वावधान में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाय. एस. मरकाम रहे। अध्यक्षता प्राचार्य अजय मुखर्जी ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में दमयंती मरकाम, एन.आर. शिवना, अनीता मेश्राम, सरपंच हेमलता विश्वकर्मा, उपसरपंच चंद्रशेखर, होरीलाल सिन्हा, दीपक पंच, संजय सिंह, पुष्पांजलि मरकाम सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। समारोह में छात्राओं मोनिका, स्वाति, प्रवीण, रंजीता एवं उनकी सहेलियों ने भावपूर्ण विदाई गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावुक बना दिया। व्याख्याता घनश्याम पटेल ने मरकाम सर के शैक्षणिक जीवन एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके समर्पित सेवाकाल की सराहना की। प्रधान पाठक अनीता मेश्राम ने कहा कि किल्लेकोडा में पदस्थापना के बाद से उन्होंने मरकाम सर को सदैव प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के हित में कार्य करते देखा। समारोह में जे.पी. बांधव, हेमेंद्र साहू, घनश्याम पटेल, त्रिजला ठाकुर,एम. गुप्ता, ललित देवहारी, खगेश ठाकुर, खिलावन उर्वशा, प्रवीण मानिकपुरी, चुरामन लाल ठाकुर, डोमार सिंह कलिहारी, गोकुल शोरी, कुशल देवदास सहित तीनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराएं किसान, तभी मिलेगा समर्थन मूल्य व शासकीय योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने हेतु अपील की गई। समर्थन मूल्य पर धान एवं अन्य फसलों की बिक्री एवं शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रत्येक किसानों के प्रत्येक खातों का पंजीयन आवश्यक है। छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप बालोद जिले में किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुगमता से दिलाने हेतु एग्रीस्टैक पंजीयन का कार्य विशेष प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी कृषकों से शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु अपने प्रत्येक खातों का एग्रीस्टैक पोर्टल में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की अपील की गई है। जिससे कि धान एवं अन्य फसलों के समर्थन मूल्य पर बिक्री एवं शासन के विभिन्न किसान हितैषी योजना का लाभ लेने हेतु किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो सके। ज्ञातव्य हो कि बालोद जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में जिले के सभी किसानों एवं संयुक्त खाताधारकों के लिए आवश्यक सूचना जारी की गई है। जिससे वे समय रहते अपना पंजीयन सुनिश्चित करा सकें। जारी सूचना में बताया गया है कि यदि किसी एक ऋण पुस्तिका या खाते में 2, 3 या 4 लोगों के नाम दर्ज हैं, तो उन सभी संयुक्त खाताधारकों का अलग–अलग एग्रीस्टैक पंजीयन कराना अनिवार्य है। इसके अलावा जिन किसानों के नाम एक ही खाते में अलग–अलग खसरा नंबर दर्ज हैं, उन सभी संबंधित खाताधारकों को उन्हीं खसरा नंबरों पर अपना पंजीयन कराना होगा। पंजीयन न होने की स्थिति में किसानों को धान एवं अन्य फसलों के समर्थन मूल्य पर विक्रय में परेशानी हो सकती है, साथ ही शासन की विभिन्न किसान–हितैषी योजनाओं का लाभ मिलने में भी कठिनाई आ सकती है। इसके अलावा इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान अपने क्षेत्र के ग्राम पंचायत, पटवारी, कृषि विभाग, सेवा सहकारी समिति अथवा लोक सेवा केंद्र से भी संपर्क कर सकते हैं।

- संयुक्त खाताधारकों के लिए अलग–अलग पंजीयन अनिवार्य

## भिलाई निगम का संपत्तिकर को लेकर सर्वे

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई ने बीएसपी क्षेत्र में संपत्तिकर निर्धारण की प्रक्रिया को तेज करते हुए सोमवार को सेक्टर-6 ए मार्केट की दुकानों का विस्तृत सर्वे और माप कार्य शुरू किया। आयुक्त सुरूचि सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत दुकानों के वास्तविक क्षेत्रफल, निर्मित हिस्से और अन्य आवश्यक जानकारियों का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। निगम प्रशासन के अनुसार सर्वे का उद्देश्य व्यावसायिक परिसरों का वैज्ञानिक और पारदर्शी संपत्तिकर निर्धारण करना है, ताकि कर प्रणाली अधिक सटीक और व्यवस्थित बन सके। सर्वे के दौरान दुकानों के आयाम और निर्माण संबंधी विवरण दर्ज किए गए। नगर निगम का कहना है कि यह अभियान चरणबद्ध तरीके से पूरे बीएसपी क्षेत्र और निगम सीमा में चलाया जाएगा। इससे कर व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी, राजस्व संग्रह बढ़ेगा और शहर के विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध होंगे। साथ ही संपत्तियों का अद्यतन रिकॉर्ड तैयार होने से कर निर्धारण से जुड़ी विसंगतियां भी दूर की जा सकेंगी।

## आनंद पब्लिक स्कूल में छात्रसंघ का गठन नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

### लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुने गए छात्र प्रतिनिधि, नेतृत्व और अनुशासन का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल, डौंडीलोहारा में छात्र नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से छात्र संघ चुनाव एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न चुनाव में विभिन्न पदों के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिसके बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। चुनाव में धीरज जैन हेड बॉय, तान्या सिन्हा हेड गर्ल, साक्षी भूआर्य चीफ सेक्रेटरी, सुधा राडें स्पोर्ट्स सेक्रेटरी तथा लोकनाथ बारले कल्चरल सेक्रेटरी चुने गए। वहीं जूनियर वर्ग में पायल चनाप जूनियर हेड गर्ल, शशांक देशमुख जूनियर हेड बॉय, हर्ष डाले जूनियर स्पोर्ट्स सेक्रेटरी, नक्षत्र यादव जूनियर कल्चरल सेक्रेटरी तथा सब जूनियर वर्ग में नैतिक मालेकर हेड बॉय एवं प्रियल मालेकर हेड गर्ल निर्वाचित हुए। शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के सचिव दिनेश जैन ने विद्यार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि छात्र संघ विद्यालय और विद्यार्थियों के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करता है तथा अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व के गुणों का विकास करता है। इस अवसर पर संदीप जैन ने विद्यार्थियों से स्वयं अनुशासित रहते हुए अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सच्चा नेतृत्व वही है जो अपने आचरण से दूसरों को सही दिशा दिखाए। कार्यक्रम में सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रतीक जैन, मिश्रीलाल जैन, रवि जैन, नोपचंद जैन, प्रभा जैन, प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य साइनी मैथ्यूज, एचएम नोम साहू सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 160 से अधिक गांवों में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान नशा मुक्ति और सर्पदंश से बचाव का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के लगभग 160 से अधिक गांवों में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जागरूकता रैली, नारा लेखन एवं ग्रामीण बैठकों के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति, दस्त एवं मलेरिया से बचाव, स्वच्छता, सर्पदंश, बिच्छू एवं कुत्ते के काटने पर तत्काल अस्पताल पहुंचने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम केवट नवागांव में मितानिनों एवं स्कूली विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेश दिए। मितानिन देवकी निषाद, भगवती विश्वकर्मा, किनेश्वरी निषाद एवं टिकेश्वरी पटेल ने गांव में नारा लेखन कर लोगों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक में दस्त से बचाव के लिए जीवन रक्षक घोल (ओआरएस) बनाने एवं उसके सही उपयोग की जानकारी भी दी गई। मितानिन प्रशिक्षक केशव शर्मा ने ग्रामीणों को बताया कि सांप, बिच्छू अथवा कुत्ते के काटने पर झाड़-फूंक या अंधविश्वास का सहारा लेने के बजाय पीड़ित को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाना चाहिए, जिससे समय पर उपचार मिल सके और जान बचाई जा सके।

मितानिन कार्यक्रम की ब्लॉक समन्वयक चंद्रप्रभा सुधाकर ने किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के महत्व की जानकारी देते हुए समय पर टीका लगवाने की अपील की। वहीं मितानिन प्रशिक्षक ललिता यादव, परवीन बेगम, रोहित चुरेंद्र, ममता साहू, अंकालूराम कोसमा, दीपमाला श्रीवास्तव, सुशीला साहू एवं प्रीतम साहू ने मितानिनों के सहयोग से दस्त, मलेरिया, स्वच्छता और नशा मुक्ति को लेकर विकासखंड के 160 से अधिक गांवों में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया।अभियान के दौरान ग्रामीणों ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त कर नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प भी लिया।

## निको माइनिंग कंपनी ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजित कराईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



प्रकृति से प्रेरित होकर 'जलवायु एवं भविष्य का संरक्षण' विषय पर स्कूली छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निको माइनिंग कंपनी प्रा. लि., ग्राम गिधाली द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसुमकसा में भाषण प्रतियोगिता, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गैजी में निबंध प्रतियोगिता, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झरनटोला में चित्रकला प्रतियोगिता तथा शासकीय प्राथमिक शाला बोरीद में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

भाषण प्रतियोगिता में रौनक यादव ने प्रथम, गरिमा ठाकुर ने द्वितीय तथा अंजलि पिस्दा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में कीर्ति कुमारी, लालिमा एवं युकांक्षी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में कामनी, वैष्णवी देवी एवं तेजल तथा रंगोली प्रतियोगिता में राघव कुमार, नमन कुमार एवं मुकुंद कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को निको माइनिंग कंपनी प्रा. लि. की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसुमकसा की प्राचार्य सुनीता यादव एवं अनीता ठाकुर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गैजी की प्रधान पाठिका रेखा देवांगन, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झरनटोला के प्रधान पाठक एन. के. कवर, तथा शासकीय प्राथमिक शाला बोरीद की प्रधान पाठिका तृप्ति पाल सहित सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

कंपनी प्रबंधन ने बताया कि निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत समय-समय पर इस प्रकार की शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित हो, साथ ही उनके व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास हो और उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा के लिए बेहतर मार्गदर्शन और प्रेरणा मिल सके।

### कांग्रेस ने पैदल मार्च निकालकर कोतवाली थाने में सौंपा ज्ञापन

# स्कूली बच्चों तक संदिग्ध दवाएं पहुंचने की हो निषपक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता



चंद्रशेखर आज़ाद स्कूल में विद्यार्थियों के कथित रूप से संदिग्ध नशीली दवाइयों के संपर्क में आने से तबीयत बिगड़ने की घटना को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भवन से गंजपारा होते हुए कोतवाली थाना तक पैदल मार्च निकाला तथा पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 6-7 स्कूली विद्यार्थियों के एक साथ बीमार पड़ने की घटना ने पूरे शहर के अभिभावकों को चिंता में डाल दिया है। विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण का केंद्र होता है, ऐसे में यदि किसी भी प्रकार की दवा या नशीला पदार्थ विद्यार्थियों तक पहुंचता है तो यह अत्यंत गंभीर विषय है और इसकी हर पहलू से गहन जांच होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार संबंधित छात्र के मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ने पुलिस के समक्ष यह जानकारी दी है कि वह डिप्रेशन से पीड़ित है तथा चिकित्सकीय सलाह पर एंटी-साइकोटिक दवाइयों का सेवन करता है। उसका यह भी कहना है कि संबंधित दवा उसका छोटा भाई अनजाने में घर से स्कूल ले गया था। यदि ऐसा है तो इसकी वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष जांच कर वास्तविक तथ्यों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, रायसिंह दिकोला, राजेश यादव, प्रेमलता साहू, दीपक साहू, अविनाश यादव, अब्दुल गनी, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, आनंद कपूर ताम्रकार, कुलदीप भाटिया, देवश्री साहू, ज्ञानू बांगडे, प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, ओमप्रकाश जोशी, रतना नरमदेव, निकिता मिलिंद, बिंदु राजपूत, मुकेश साहू, मीना पॉल, मीना मानिकपुरी, सरिता ताम्रकार, अविनाश कुमार निषाद, काशीराम रात्रे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### दवा स्कूल कैसे पहुंची, यह पालकों को जानने का अधिकार

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि पालकों को यह जानने का अधिकार है कि दवाएं स्कूल तक कैसे पहुंची। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि प्रशासन केवल प्रारंभिक बयानों के आधार पर मामले का निष्कर्ष न निकाले। यह स्पष्ट किया जाए कि संबंधित दवा विद्यालय तक कैसे पहुंची, अन्य विद्यार्थियों तक किस परिस्थिति में पहुंची तथा कहीं इस पूरे घटनाक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही या आपराधिक संलिप्तता तो नहीं है। यदि किसी भी स्तर पर दोष या लापरवाही सामने आती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। जिले के सभी स्कूलों एवं उनके आसपास नियमित रूप से विशेष जांच अभियान चलाया जाए। साथ ही विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को नशे एवं प्रतिबंधित दवाइयों के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

पेज 9 का शेष

### बालोद पुलिस ने ...

आबकारी अधिकारी पलक नंद सहित अन्य सदस्यों एवं पंचों की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता एवं विधिक प्रावधानों के अनुरूप संपन्न हुई। बालोद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे के विरुद्ध अभियान में सहयोग करें एवं किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### जिला पंचायत ...

बिजौरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों तथा ग्राम पंचायत सुरेगांव में निर्माणाधीन महतारी सदन का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरेगांव और आयुर्वेदिक औषधालय सुरेगांव पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं की भी समीक्षा की और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### देवरी (क) स्कूल के बच्चों को उत्कर्ष कर्मचारी संघ ने वितरित किए जूते, बैग और शैक्षणिक सामग्री

**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी (क) में उत्कर्ष कर्मचारी संघ द्वारा निःशुल्क जूता, मोजा, बैग, पेन, रुमाल वितरण किया गया। कर्मचारी संघ के सदस्य गांव के नागरिक एवं संस्था के अध्यापकों की उपस्थिति में कक्षा 1 से 5 तक के सभी 56 बच्चों को पेन रुमाल दिया गया। कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों को जूता, मोजा, बैग प्रदान किया। इन सामग्रियों को पाकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। इस अवसर पर शिक्षाविद बीएल साहू ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा मेहनत ही सफलता की कुंजी है। कठिन परिश्रम करके सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। शाला के प्रधान अध्यापिका रेणुका बंजारे ने इस पहल की जमकर प्रशंसा की और कहा ऐसे प्रयासो से बच्चों के मन में उत्साह पैदा होता है एवं मन लगाकर पढ़ते हैं। इस अवसर पर दीपक साहू, नीता साहू, डॉ देवकुमार साहू, माधुरी यादव, वत्सला सिन्हा उपस्थित थे।

### ट्रेडिंग निवेश का झांसा : 19 लाख की ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** ट्रेडिंग में निवेश करने का झांसा देकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि जोरातरई निवासी दीपक कुमार अहिरवार ने शिकायत की कि आरोपिया असोगा रानीतराई की तृप्ती साहू ने उतई में रैम्बो इंटरनेशनल ट्रेडिंग कंपनी में निवेश करने पर 28 माह में राशि चार गुना होने का झांसा दिया। निवेश से प्रतिमाह 10 से 12 प्रतिशत ट्रेडिंग रिटर्न मिलने की भी जानकारी दी थी। पीड़ित ने कुल 19 लाख रुपये कंपनी में निवेश कर दिया। राशि नहीं लौटने पर उतई पुलिस में शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने तृप्ती साहू को पकड़ कर पूछताछ की। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपिया से एसबीआई बैंक, यस बैंक, केनरा बैंक एवं एचडीएफसी बैंक की पासबुक, पैन कार्ड, आधार कार्ड, कार सीजी 07 सीएफ 8179 को जब्त किया गया है।

### दुर्ग पुलिस अब ई-चार्जशीट पर करेगी काम

**भिलाई।** राष्ट्रीय अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम के डैशबोर्ड को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी नवीनतम स्टेट स्कोरकार्ड में छत्तीसगढ़ को 100 में से 64.97 अंक प्राप्त हुए हैं।

## निधन

### मूलचंद चौधरी



**डौंडीलोहारा।** ग्राम पथरानवागांव (साल्हे बाजार) निवासी मूलचंद चौधरी का 63 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लीकेज चौधरी एवं मुकेश चौधरी के पिता तथा टीकम चौधरी के अनुज थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्ति धाम में बुधवार को 11 बजे किया जाएगा।

**समक्ष :- श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला- बालोद (छ.ग.)**

दीपक कुमार साहू पिता किसन लाल, जाति तेली, उम्र 28 वर्ष ग्राम बटेरा, पोस्ट व तहसील डौण्डीलोहारा, जिला- बालोद छ.ग.- शपथकर्ता

**// शपथ पत्र //**

मै शपथकर्ता शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं-

1. यह कि, शपथकर्ता का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, शपथकर्ता का वास्तविक नाम दीपक कुमार साहू है, जो कि सत्य व सही है। किन्तु त्रुटिवश शपथकर्ता के आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा शासकीय दस्तावेजो में दीपक कुमार दर्ज हो गया है। अतएव आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा अन्य शासकीय दस्तावेजो में नाम सुधार किया जाना आवश्यक है के निमित्त सूचना प्रकाशन छ.ग. राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने बाबत शपथ पत्र माननीय श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. के समक्ष आज दिनांक 21/07/2026 को शपथकर्ता द्वारा निष्पादित है।
3. यह कि, शपथकर्ता के द्वारा शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य है गलत पाये जाने पर पूरी जवाबदारी शपथकर्ता की होगी।

अस्तु शपथपत्र प्रस्तुत है। दीपक कुमार साहू
शपथकर्ता

**सत्यापन :-**

मै शपथकर्ता सत्यनिष्ठा से सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की कंडिका 1 से लेकर 3 तक दी गई जानकारी सत्य व सही है। जिसे पढकर/पढाकर/समझकर स्थान डौण्डीलोहारा में दिनांक 21/07/2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापन करता हूं।

सत्यापनकर्ता
दीपक कुमार साहू

## जागरूकता : विद्यार्थियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

# डुंडेरा स्कूल में सीडबॉल एवं बीजरोपण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डुंडेरा अजुंर्दा में सीडबॉल, बीजरोपण कार्याशाला आयोजित किया गया। पर्यावरण गतिविधि व संरक्षण टीम, जिला बालोद द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से सीडबॉल, बीजरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य शिव साहू थे। विशेष अतिथि सरपंच डुंडेरा थलेश सिंह, अतिथि चंद्रलेखा साहू, उप सरपंच जगनू ठाकुर, कोटगांव सरपंच प्रतिनिधि देवेन्द्र साहू व प्रशिक्षक पर्यावरण गतिविधि जिला सह संयोजक संजय कुमार साहू ने प्रशिक्षण दिया।

प्राचार्य शिव साहू ने कहां पर्यावरण संरक्षण आज केवल एक विषय या आंदोलन नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की मूल शर्त बन चुका है। जिस प्रकृति ने मानव को जीवन दिया, वही आज मानव की उपेक्षा और दोहन के कारण संकट में है। वायु, जल, वन, भूमि. पर्वत, नदियां और जीव–जंतु सभी केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की निरंतरता के आधार है। पर्यावरण का संरक्षण वास्तव में मानवता का संरक्षण है। विचारों के भारतीय दृष्टि में पर्यावरण और मानव के बीच कभी विरोध का संबंध नहीं रहा। यहां प्राकृति को भोग की वस्तु नहीं, बल्कि माता माना गया है। पृथ्वी को धरित्री नदियों को मां वनों को देववन और पर्वतों को स्थिर साक्षी कहा गया। यह दृष्टि केवल काव्यात्मक नहीं, बल्कि गहरे दार्शनिक और व्यावहारिक अनुभव से उपजी थी। मानव स्वयं को प्रकृति से अलग नहीं, बल्कि उसी का अंग मानता था। समस्या तब उत्पन्न हुई जब आधुनिक युग में विकास को केवल भौतिक प्रगति और उपभोग से जोड़ दिया गया। औद्योगीकरण, अंधाधुंध शहरीकरण, वनों की कटाई, जल–स्त्रोतों का दोहन और प्रदूषण इन सबने पर्यावरणीय संतुलन को गंभीर रूप से बिगाड़ दिया। परिणाम स्वरूप जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तापवृद्धि, प्राकृतिक आपदाएं, जैव विविधता का हास और स्वास्थ्य संबंधी संकट सामने आए।

विशेष अतिथि थलेश सिंह ने कहा पर्यावरण संरक्षण प्रमुख रूप से सीडबॉल निर्माण व बीजरोपण, पौधारोपण, जल–स्त्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल–संग्रह और जल का संयमित उपयोग, प्लास्टिक और प्रदूषणकारी पदाथोंर् का न्यूनतम प्रयोग, शिक्षा और सामाजिक चेतना के माध्यम से पर्यावरणीय संस्कार के माध्यम से कर सकते हैं, अतिथि चंद्रलेखा साहू, देवेन्द्र साहू कोटगांव पंच ने कहा यह एक अत्यंत प्रभावशाली और दूरदर्शी विचार है। एक सामूहिक जन–आंदोलन बनकर ही सफल हो सकता है। पौधारोपण इसलिए आवश्यक है क्योंकि पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते है, हवा से हानिकारक गैसों और धूल को सोखकर पर्यावरण को शुद्ध करते है, मिट्टी के कटाव को रोकते है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद करते हैं, मानव जीवन के लिए मूल आधार पौधारोपण वन कार्बन–डाइऑक्साइड अवशोषित करते हैं और जल चक्र को बनाए रखकर मौसम और तापमान को नियंत्रित करते हैं।

संजय कुमार साहू द्वारा नेशनल स्टूडेंट पर्यावरण प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दिया गया, यह छात्रों के लिए एक पर्यावरण–आधारित प्रतियोगिता है। इसे भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और शिक्षा मंत्रलय का समर्थन प्राप्त है। यह प्रतियोगिता 15 जुलाई से शुरू हो चूका है जो 15 अगस्त तक चलेगी पंजीकरण भाग लेने के लिए आप पोस्टर में दिए गए कोड को स्कैन कर सकते हैं या उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं। कार्यक्रम में पर्यावरण गतिविधि के कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

# कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गईं आमजन की समस्याएं

## त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ।

इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम खपरी के तारण कुमार ने किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदुर के लक्ष्मी बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम नवागांव के खेमलाल ने श्रम कार्ड बनाने, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पलारी के शकुंतला ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने, ग्राम हड़गहन के कोमल ने ऋण पुस्तिका में सुधार कराने, ग्राम अंगारी के सरपंच ने मुक्तिधाम में सोलर लाईट लगाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंचे थे। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुँचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# तहसील सतनामी समाज का हुआ शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही के तत्वाधान में शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ घासीदास बाबा के पूजा अर्चना के साथ किया गया।

शपथ ग्रहण एवं सम्मान संजय बारले अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुंडरदेही अठगवां बुंदेलाल बघेल, अध्यक्ष राहुद नर्मदा जांगड़े, अध्यक्ष परसदा ओटेबंद अठगवां शिव कुमार गायकवाड, अध्यक्ष सिकोसा अठगवां सूखीत लहरे, अध्यक्ष माहुद बी अठगवां दिलीप जोशी, अध्यक्ष तवेरा भांठागांव अठगवां डिलेश्वर सोनेश्वरी, अध्यक्ष फुण्ड़ा रजोली अठगवां रोशन कुमार चतुर्वेदी तथा अध्यक्ष तमोरा अठगवां नारायण प्रसाद मोवार्स सहित अन्य सभी अठगवां पदाधिकारी गण को पद की गोपनीयता एवं समाज सेवा की शपथ दिलाई गई।

सभी अठगवां अध्यक्ष सहित अन्य सभी अठगवां पदाधिकारियो को उपस्थित अतिथियों ने सतनाम गमछा और श्रीफल से सम्मानित किया गया, साथ ही अठगवांवार उपस्थिति पंजी कार्यवाही पंजी एवं लेखनी वितरित किया गया, समाज में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले सामाजिक संत जनों संतराम बघेल, डोमन सिंह टंडन, रेखा राम गायकवाड, सावंत राम टंडन, जोहन जांगड़े को श्रीफल से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला सतनामी समाज बालोद, संजय बारले ने अपने उदबोधन में अधिक सामाजिक सहयोग के लिए आह्वान किया। पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोनादेवी देशलहरा ने जिला सतनामी समाज के द्वारा वितरित सामाजिक नियमावली का पाठन प्रत्येक सामाजिक बैठकों में जनमानस के बीच करने एवं समाज में सामाजिक एकता बनाने पर जोर देने की बात कही।

▪ **नवनिर्वाचित अठगवां अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने समाज सेवा की ली शपथ**

सदस्य जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी ने समाज में महिला शिक्षा एवं युवाओं को रचनात्मक कार्य में जोड़ने अपील की। जनपद पंचायत सदस्य गुण्डरदेही हेमलता देशलहरे ने महिलाओं को शिक्षा व रोजगार में उचित अवसर प्रदान करने एवं बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए समाज के प्रबुद्धजनों से सहयोग करने के लिए आगे आने के लिए कहा गया।

सेवक महिपाल पार्षद एवं पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत गुंडरदेही ने समाज में नशा पान और युवाओं के रोजगार के प्रयास एवं सामाजिकता के संबंध में कड़े नियम पालन करने बैठकों के आयोजन के लिए निवेदन किया गया। अध्यक्ष तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही नीलकंठ टंडन ने सामाजिक गतिविधियों में सामाजिक जनों के सहयोग एवं समर्पण से सामाजिक चेतना के विकास और उत्थान के कायोंर् में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने एवं अठगवां के अध्यक्षों को अपने कार्य व कर्तव्य समाज सेवा भाव से करने कहा।

कार्यक्रम में तहसील सतनामी समाज गुंडरदेही के पदाधिकारी संरक्षक गोपाल दास बंजारे, मंशाराम कुर्रे, उपाध्यक्ष कोमल सिंह देशलहरा, कोर कमेटी प्रमुख मानसिंह देशलहरा, हुबलाल देशलहरा, संदीप जोशी, महासचिव थानुराम बांधे, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल गेंडरे, सचिव कमलकांत कुर्रे, संगठन सचिव बलराम कोसरे, प्रभुराम टंडन, विक्रम सिंह टंडन, कार्यकारिणी सदस्य नेतराम बंजारे, संतोषी देशलहरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुण्डरदेही युवराज सिंह मारकंडे, दमयंतीन मारकंडे, हेमलता मारकंडे, बिसन बाई देशलहरा, डोमन सिंह मारकंडे, ग्रामीण अध्यक्ष, भंडारी, छड़ीदार सहित सामाजिक जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन थानुराम बांधे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन छबिलाल बंजारे ने किया।

**-: आम सूचना :-**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार सुबोध कुमार जैन पिता जीवन लाल जैन निवासी गुरूर तहसील गुरूर जिला बालोद छ.ग. द्वारा ग्राम हितेकसा, तहसील–गुरूर, स्थित भूमि ख.नं. 226/3 रकबा 0.06 हे. भूमि को विक्रेता भूस्वामी सुनीता बाई पति दिनेश कुमार निवासी ग्राम अछोटी तहसील कुरूद, जिला धमतरी छ.ग. से तथा ग्राम हितेकसा, तहसील–गुरूर, स्थित भूमि ख.नं. 226/2 रकबा 0.18 हे. भूमि को विक्रेता भूमिस्वामी भुखऊ राम पिता शोभाराम निवासी ग्राम हितेकसा तहसील गुरूर, जिला बालोद छ.ग. से क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित करा लिये हैं, मात्र पंजीयन होना शेष है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म या जिस किसी को उक्त भूमि के संबंध में कोई दावा आपत्ति है तो वह 07 दिन के अंदर संपूर्ण कागजात सहित मेरे कार्यालय में आपत्ति पेश करें अन्यथा निर्धारित समय के पश्चात पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण करवा ली जाएगी। पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य माना जाएगा।

स्थान– गुरूर
दिनांकः- 21/07/2026

नारायण टुवानी, अधिवक्ता
जनपद के बाजू मेन रोड, गुरूर
तहसील–गुरूर, जिला– बालोद छ.ग.
मो.नं.–94241–17001

# भाजपा मंडल गुण्डरदेही की मासिक बैठक में विस्तार और बूथ सशक्तीकरण पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक मे संगठनात्मक कायोंर् की समीक्षा, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एवं विधानसभा प्रभारी राकेश पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी ठाकुरराम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कंडेय, महामंत्री विनोद चंद्राकर शैल महोबिया उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकान्त साहू, मदन साहू, विकास जैन, हरीश निषाद, मंडल मंत्री हेमपुष्पा, नविता साहू, दिलेस्वरी निषाद, मिलन साहू कोषाध्यक्ष छगन सोनकर, भूषण साहू सहित मंडल के सेकड़ो पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# कोशरिया महार समाज की जिला स्तरीय बैठक में संगठन और शिक्षा पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कोशरीया महार, महरा समाज का जिला स्तरीय बैठक दल्लीराझरा परिक्षेत्र के माध्यम से बैठक रखा गया था, जिसे हमारे समाज के प्रांतीय स्तर के प्रमुखों का भी आगमन हुआ था। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व इस्ट देव भगवान विष्णुजी की तथा डाक्टर भीमराव अंबेडकर की पूजा अर्चना किया गया।

▪ **समाज में एकता बनाए रखने और कुरीतियों के उन्मूलन का लिया गया संकल्प**

बैठक में समाज को जिला अध्यक्ष दिलीप बघेल ने कहा हम सब एक सामाजिक प्राणी है, हम समाज से पृथक नही रह सकते, हमारा जीवन समाज में रहकर ही गुजरेगा। समाज को संगठन में रहकर एकता मे रहकर मजबूत बनाया जा सकता है, विसंगति या अलग अलग रहकर नही। समाज के बच्चो को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा के प्रति रुचि लेना चाहिए, यदि हम समाज को आगे की ओर लेकर जाना है तो उस हथियार का नाम है शिक्षा। प्रांतीय अध्यक्ष राम शैलेंद्र ने कहा कि समाज को टुकडो में बंट कर नही रहना चाहिए, समाज को संगठन में रहना चाहिए, संगठन की ताकत से बड़े से बड़े समस्याओं का समाधान किया जा सकता हैं। समाज में कुछ कुरीतिया बनी हुई है, उसे भी समाप्त किया जाना चाहिए जैसे मृत्यु भोज, किसी की मृत्यु हो जाने से समाज को पक्का भोजन कराया जाता है, उस पर प्रतिबंध होना चाहिए, समाज में दहेज प्रथा बंद होना चाहिए, दहेज प्रथा से गरीब परिवार शादी विवाह के कर्ज को ढोते ढोते परेशान हो जाता हैं। घर मे परिवार बड़ा हो जाता है या परिवार की संख्या बढ़ने लगता है तो कही न कही परिवार में समस्या भी अती है तो उसका समाधान सब मिलर निकालते हैं, उसी प्रकार समाज में भी सयामस्या आती रहती है, उस समस्या का समाधान पूरे समाज मिलाकर किया करते है। समाज की समस्या का समाधान के लिये भी समाज की संगठन की आवश्यकता होती हैं। महार समाज के स्वजातीय बंधुओ एवं बहनों ने अपनी उपस्थिति दे कर अच्छे व्यक्तित्व, समाज के प्रति जागरूकता का परिचय दिए हैं। बैठक में बालोद जिला, कांकेर जिला, राजनांदगांव जिले के प्रमुखों की उपस्थिति भी काफी महत्वपूर्ण रही। प्रांतीय अध्यक्ष राम शैलेंद्र, कोषाध्यक्ष शलवंत धाकड़, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम अमंडिया, संयुक्त सचिव दीपक आरदा, जिला बालोद अध्यक्ष दिलीप बघेल, उपाध्यक्ष उदय डोंगरे, सचिव थानेश्वर कौशल, कोषाध्यक्ष ललित राम, संयुक्त सचिव महेश सहारे, सलाहकार कमल किशोर कौशल, दल्लीराझरा परिक्षेत्र अधिकारी परदेशी राम कटिंगल उपस्थित थे। जिला राजनांदगांव से जिला अध्यक्ष प्रवीण मांडवी, पूर्व अध्यक्ष शिवचरण डोंगरे एवं राजनांदगांव जिला, जिला कांकेर जिला अध्यक्ष भीखम आरदे, जिला बालोद महिला प्रकोष्ठ से जिला अध्यक्ष मधुबाला कौशल, सचिव मतिहिरो केसरिया, सह सचिव ज्योति कौशल, रूपा भैंसे उपस्थित थे।

**सिद्धीविनायक** नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मत्स्य पालक को मिला ई-रिक्शा, कलेक्टर ने सौंपी चाबी

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य पालक खिलुराम कोठारी को ई–रिक्शा की चाबी भेंट कर वाहन प्रदान किया गया। मछली पालन विभाग के तहत डौण्डीलोहारा विकासखंड के ग्राम गड़ईनडीह के मत्स्य पालक खिलू राम कोठारी को 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' अंतर्गत 03 व्हीलर (ई–रिक्शा) सह आइस–बाक्स हेतु सहायता प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के तहत स्वीकृत इस इकाई की कुल लागत 03 लाख रुपये है, जिस पर शासन द्वारा 1.80 लाख रुपये का अनुदान दिया गया है। इस ई–वाहन के मिलने से हितग्राही को मछली परिवहन और व्यवसाय संचालन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

### 'युवा शक्ति, नशा मुक्त भारत की शक्ति' विषय पर 24 को जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं

**बालोद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, जिला–बालोद के संयुक्त तत्वावधान में युवा शक्ति नशा मुक्त भारत की शक्ति विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 24 जुलाई को प्रातः 10 बजे से मुखर्जी भवन, गुण्डरदेही में किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में नशा मुक्ति, सामाजिक जागरूकता, राष्ट्र निर्माण एवं सकारात्मक नेतृत्व की भावना का विकास करना है। कार्यक्रम में जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग लेंगे। प्रतियोगिताओं में लोकगीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, माइम एक्ट, पेंटिंग, वाद–विवाद, एलोक्यूशन, शॉर्ट फिल्म, रील, स्लोगन लेखन एवं स्लैम पोएट्री जैसी कुल 8 विधाओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष, नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन होंगे। विशेष अतिथि शमशाद बेगम होंगी। कार्यक्रम के समापन मुख्य अतिथि विधायक, गुण्डरदेही विधानसभा कुंवर सिंह निषाद होंगे। मेरा युवा भारत, जिला–बालोद एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, जिला–बालोद ने जिले के सभी युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में सहभागिता निभाएं।

### अवैध शराब के साथ चार आरोपी पुलिस की पकड़ में

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया है। घटना थाना रानीतराई और धमधा का है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम अशोगा-जरवाय रोड पर एक सफेद रंग की सुमो गोल्ड सीजी 19 सी 0997 को अवैध रूप से शराब तस्करी करते हुए पकड़ा। तलाशी लेने पर वाहन से सफेद झोले से 34 पौवा देशी शराब बरामद किया। पूछताछ करने पर आरोपियों अवैध शराब परिवहन करना स्वीकार किया। वहीं धमधा पुलिस ने कुकुर चब्बा मंदिर रोड, बरगद पेड़ के पास से एक प्लास्टिक बोरी में रखी 33 पौवा शेरा देशी मसाला शराब (5.940 बल्क लीटर) बरामद किया।

पर्व

**विशाल महाभंडारे व भजन संध्या का होगा आयोजन**

# दल्लीराजहरा में 24 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लौह नगरी दल्लीराजहरा में श्री जगन्नाथ सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय श्री जगन्नाथ महोत्सव श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ जारी है। गुंडीचा रथ यात्रा के सफल आयोजन के बाद अब महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की घर वापसी के प्रतीक बहुड़ा रथ यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

- ज्योति सोनी सहित कई कलाकार देंगे भक्तिमय प्रस्तुतियां, नगरवासियों से परिवार सहित शामिल होने की अपील

नगर में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों से भक्तिमय वातावरण बना हुआ है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। गुंडीचा मंडप में पंचमी के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। संध्या महाआरती के बाद भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माई सुभद्रा को छप्पन भोग अर्पित किया गया तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाली समिति की अध्यक्षा





रेखा गहरवार और उपाध्यक्षा शीला जयप्रकाश का सम्मान भी किया गया। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माई सुभद्रा अभी गुंडीचा मंडप में विराजमान हैं। प्रतिदिन सुबह भोग आरती तथा शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नगर की भजन मंडलियां और महिला समूह उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। समिति की अध्यक्षा पुरोबी वर्मा ने बताया कि 24 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशाल महाभंडारे का



आयोजन होगा। इसी दिन दोपहर 11 बजे से भक्ति तरंग हिंदी भजन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोकगायिका ज्योति सोनी अपनी टीम के साथ भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगी। भजन गायक राजेश कश्यप, रंजन भारद्वाज सहित स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।

महिला अध्यक्ष माधुरी रथ ने बताया कि महाभंडारे के बाद दोपहर 3 बजे गुंडीचा मंडप से बहुड़ा रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा राम मंदिर, हॉस्पिटल सेक्टर, शहीद शंकर गुहा नियोगी चौक, गुप्ता चौक, ज्ञानू पेट्रोल पंप, माइंस ऑफिस चौक और जैन भवन चौक से होते हुए पुनः श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी। पूरे मार्ग में भजन मंडलियां, ढोल-ताशे और आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेंगी।

समिति ने नगरवासियों से परिवार सहित आयोजन में शामिल होकर महाभंडारे का प्रसाद ग्रहण करने तथा बहुड़ा रथ यात्रा में सहभागिता निभाने की अपील की है। साथ ही दानदाताओं से तन, मन और धन से सहयोग कर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

## भीमाटोला स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम छात्रों ने दिया जल बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भीमाटोला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- पोस्टर, नारा लेखन और रैली के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को जल के महत्व, वर्षा जल संचयन तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पोस्टर निर्माण, नारा लेखन एवं जागरूकता रैली निकालकर गांव में जल बचाने का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने जल है तो कल है बूंद-बूंद जल बचाएं, आने वाला कल सजाएं जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों से जल संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन में पानी की बर्बादी रोकने, वर्षा जल का संचयन करने तथा जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने का संदेश भी दिया प्रधानपाठक विशेसर आर्य ने कहा कि जल प्रकृति का अनमोल उपहार है और इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। वर्तमान समय में बढ़ते जल संकट को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह जल संरक्षण को अपनी आदत बनाए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे स्वयं जल बचाने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम में शिक्षक देवराज ठाकुर, हिमांशु ठाकुर, महावीर कुर्रे, पुरानिक साहू एवं युगल स्नेही धनकर ने भी जल संरक्षण के विभिन्न उपायों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को जल बचाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही।

**किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण पर विशेष जोर**

## एग्रीस्टैक के तहत डिजिटल फसल सर्वेक्षण का प्रशिक्षण, 30 सितंबर तक पूरा होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खरीफ वर्ष 2026 में एग्रीस्टैक परियोजना के अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में जिले के सभी कृषकों का शत प्रतिशत एवं त्रुटिरहित ढंग से डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर उन्होंने डिजिटल सर्वेक्षण कार्य को शासन के विशेष प्राथमिकता वाले एवं अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए राजस्व अधिकारियों को इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के संबंध में आवश्यक जानकारियां भी दी। इस मौके पर प्रशिक्षकों के द्वारा जिले के राजस्व अधिकारियों को एग्रीस्टैक परियोजना के अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा जिले के राजस्व अधिकारियों को कृषकों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने हेतु उनका शत प्रतिशत एवं त्रुटिरहित ढंग से फसल सर्वेक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष सहित जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू–अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू–अभिलेख एवं राजस्व निरीक्षक, जिले के सभी तहसीलों के डाटा एंट्री ऑपरेटरों के अलावा अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।



प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2026–27 में जिले के सभी किसानों का शत प्रतिशत एवं त्रुटिरहित डिजिटल फसल सर्वेक्षण का कार्य 17 अगस्त से प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को 30 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि बालोद जिले में डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्यक्रम को निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक संपन्न करने के उद्देश्य से ग्राम स्तर पर बैनर पोस्टर एवं ग्राम कोटवारों के द्वारा मुनादी के माध्यम से इस योजना का समुचित प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। जिससे कि बालोद जिले के कृषकों के सभी खसरों का त्रुटिरहित ऑनलाईन डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जा सके।

### छात्रवृत्ति के 31 जुलाई तक कर सकेंगे बैंक विवरण में सुधार

**बालोद।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2021–22 से वर्ष 2025–26 तक के छात्र–छात्राएं जिनकी छात्रवृत्ति बैंक खाता, बैंक आईएफएससी कोड, बैंक का नाम गलत होने, खाता बंद होने तथा बैंक खाता आधार कार्ड से सीडिंग नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति राशि का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हुआ है। ऐसे छात्र–छात्रओं को एवं छात्रें के अध्ययनरत संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि उक्त छात्र–छात्रें का 31 जुलाई तक ऑनलाईन छात्रवृत्ति पोर्टल में बैंक खाता से संबंधित आवश्यक संशोधन कराते हुए आधार सीडिंग कराना सुनिश्चित करें, जिससे समय–सीमा में छात्रवृत्ति राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

## बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक में बाल विवाह रोकथाम और गुमशुदा बच्चों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति एवं सखी संचालन की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने गुमशुदा बच्चों की

- कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

दस्तयाब के अलावा महिलाओं की देख रेख, सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास आदि की समीक्षा की।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति एवं सखी संचालन के संबंध में त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने बैठक के निर्धारित एजेण्डा के अनुसार किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, चाईल्ड हेल्पलाईन, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान तथा गुमशुदा बच्चों की दस्तयाब, सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिलाओं की देखरेख, सुरक्षा संरक्षण, पुर्नवास आदि के कार्योर् की विस्तृत समीक्षा की।




इस दौरान उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त प्रकरणों के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे कार्योर् की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने ग्रामीण स्तर पर होने वाले प्रत्येक विवाह का पंजीयन सुनिश्चित कराने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से पंजी संधारित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा ने बैठक के निर्धारित एजेण्डा एवं उनके समुचित क्रियान्वयन हेतु किए जा रहे कार्योर् के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर नूतन कंवर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जेएल उइके, उप संचालक जिला योजना सांख्यिकी, उप संचालक समाज कल्याण विभाग, सहायक आयुक्त श्रम पदाधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, परियोजना समन्वयक चाईल्ड हेल्पलाईन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## पथराटोला शक्ति केंद्र में भाजपा की संगठनात्मक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा मंडल के शक्ति केंद्र पथराटोला में मंगलवार को भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बूथ संगठन को मजबूत करना तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने की रणनीति तैयार करना था। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा ने कहा कि बूथ ही भाजपा की आधारशिला है।

- बूथ सशक्तीकरण पर दिया गया जोर

उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक मतदाता तक पहुंचकर सरकार की योजनाओं की जानकारी देने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान



किया। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय जनसंपर्क अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर हितेश डोगरे (जुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश सदस्य), शक्ति केंद्र प्रभारी गोवर्धन खरपतिया, संयोजक हलधर शर्मा, सह-संयोजक विमल सिंह, आमला बूथ अध्यक्ष छगनलाल, ग्राम पंचायत सरपंच लोभन बाई सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वृद्ध महिला की हत्या मामले में दो हिरासत में

**भिलाई।** महिला हत्या मामले में दो संदिग्धों से पुलिस पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक घटना में पुलिस ने आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला था। जिसमें दो युवक वृद्ध महिला के साथ जाते दिखे थे। पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन कर शिनाख्त कर पूछताछ किया जा रहा है। शव का पीएम भी कराया गया है। जिसका रिपोर्ट अभी तक नहीं मिल पाया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कई खुलासा हो सकता है। घटना का खुलासा मंगलवार को दुर्ग पुलिस करेगी। फिलहाल युवकों से पूछताछ जारी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में महिलाओं ने लिया भाग**

## अंडा में महिलाओं को स्वरोजगार का प्रशिक्षण, पांच दिनी उद्यमिता कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, दुर्ग द्वारा ग्राम पंचायत अंडा में महिलाओं के लिए पांच दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण में 30 की संख्या में महिलाएं भाग ले रही हैं। आरसेटी के डायरेक्टर गुलशन कुमार, संयोजक अमित कुमार ऑफिस असिस्टेंट पुनीत श्रीवास्तव, हेमलता चंद्राकर, आकांक्षा शर्मा द्वारा महिलाओं को कम लागत में शुरू किए जा सकने वाले उद्योगों की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। संस्थान के निर्देशक ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान



महिलाओं को अगरबत्ती, धूपबत्ती, साबुन, निरमा पाउडर और फिनाइल बनाने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। साथ ही कच्चा माल कहां से मिलेगा, लागत कितनी आएगी और उत्पाद की बाजार में बिक्री कैसे होगी, इस पर भी विस्तार से चर्चा की जा रही है। प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से उन्हें घर बैठे रोजगार का अवसर मिलेगा। बैंक द्वारा प्रशिक्षण के बाद ऋण और मार्केटिंग में भी सहयोग का आश्वासन दिया गया है। आरसेटी दुर्ग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को कौशल विकास से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए लगातार इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इन महिलाओं को दिया जा रहें प्रशिक्षण - सावित्री, शैल चन्द्रकार, चन्द्रकला साहू, कमलेश्वरी देवांगन, देव श्री चन्द्रकार,मिला बाई, योगिता साहू, राकेशवारी,ममता,लुकेश्वरी साहू, भारती यादव,सत्यभामा, तनुजा, बैजन्ति, उमा सिन्हा, सविता यादव, धामिन साहू, रेखा बाई चंद्रकार, फानेश्वरी, गौरी यादव केशरी नोमिता धीवर, तुलसी साहू, आशा, गीतेश्वरी, संतोषी मार्कंडे, नीता, सविता, शशिकला, दिलेश्वरी मारकंडे।

